# तीन दिवसीय बाबा मस्तनाथ के मेले में सैनेटाइजर व मास्क होंगे जरूरी

**रोहतक, ग्रीन हरियाणा न्यूज।**

बाबा मस्तनाथ मठ के महंत व अलवर से सांसद बाबा बालकनाथ ने कहा कि 21 से 23 मार्च तक चलने वाले मेले के लिये सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। कोविड-19 के सभी नियमों का पालन किया जाएगा। प्रवेश द्वार पर ही मठ की तरफ से मास्क व सैनीटाइजर उपलब्ध करवाया जाएगा। यहां आने वाले सभी श्रद्धालुओं के पहले हाथ सैनेटाइजर करवाये जाएंगे और उनके पास मास्क नहीं है तो दिया जाएगा। साथ ही इनामी कुश्ती दंगल भी करवाया जाएगा। जिसमें पहले इनाम एक लाख इक्यावन हजार दूसरा इनाम एक लाख, तीसरा इनाम 51,000/- और चौथा इनाम 31,000/- का होगा। बाबा मस्तनाथ मठ श्रद्धालुओं की आस्था का केन्द्र है हर साल यहां तीन दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन किया जाता है। फाल्गुन सप्तमी, अष्टमी व नौवमीं को तीन दिन समाधि स्थल पर महंत जी द्वारा आशीर्वाद दिया जाता है। यह सिद्धपीठ सिद्ध शिरोमणि गुरु गोरखनाथ, बाबा मस्तनाथ द्वारा स्थापित है। जहां भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। नेताओं व



सांसदों को भी निमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने सभी सांसदों के साथ वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रित किया है। पांच राज्यों के चुनाव चल रहे हैं। उनकी व्यवस्था के मध्य जिसको समय होगा मत्था टेकने आ जाएंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। मेले में मठ प्रबंधन कमेटी व बाबा मस्तनाथ विद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी व्यवस्था को संभालेंगे। जिसमें लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जाएंगे। खास बात ये रहेगी कि मिनी अक्षरधाम श्रद्धालुओं के लिये पर्यटन स्थल जैसा ही होगा। इस अवसर पर कुलपति रामसजन पांडे अधिष्ठता प्रशासक अंजना राव, रजिस्ट्रार सतीश शर्मा , ललित यादव, सुभाष गुप्ता आदि मौजूद रहे।